कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष
व्यवस्थापन 'क' वर्ग
लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड, देहरादून

Office of the Engineer in Chief, PWD, Dehradun Uttarakhand
Phone & Fax:- 0135-2530467,2530431 Web- http:/govt.ua.nic.in/pwd E-Mail-eicpwduk@nic.in

पत्रांक– 713 / 34व्यक–स्थाना0–सा0 / 2022 दिनांकः– 13 / 05 / 2022

–:कार्यालय ज्ञापः–

राज्य में विभिन्न सेवाओं के अन्तर्गत कर्मचारियों के स्थानान्तरण को निष्पक्ष, वस्तुनिष्ठ तथा पारदर्शी बनाने हेतु उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम–2017 (संख्या–1, वर्ष–2018) के अनुपालन में इस कार्यालय के ज्ञापसंख्या–460 / 34व्यक–स्थानान्तरण–सा0 / 2022 दिनांक–31.03.2022 एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या–591 / 34व्यक–स्थानान्तरण–सा0 / 22 दिनांक–26.04.2022 द्वारा लोक निर्माण विभाग के दुर्गम एवं सुगम स्थलों का चिन्हीकरण किया गया है एवं इस कार्यालय के ज्ञाप संख्या–458 / 34व्यक–स्थानान्तरण–सा0 / 22 दिनांक–30.03.2022 द्वारा विभागाध्यक्ष कार्यालय स्तर से किये जाने वाले श्रेणी 'ख' एवं 'ग' के कार्मिकों के स्थानान्तरण हेतु समिति का गठन किया जा चुका है। अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने से पूर्व इस कार्यालय के पत्रसंख्या–73 / 34व्यक–स्थाना0–सा0 / 22 दिनांक–06.01.2022 एवं पत्रसंख्या–637 / 34व्यक–स्थाना0–सा0 / 22 दिनांक–30.04.2022 के द्वारा कार्मिकों के डाटा का परीक्षण कर **HRMS Portal** पर दिनांक–07.05.2022 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश भी दिये गये।

स्थानान्तरण अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के अन्तर्गत तथा शासनादेश संख्या–124 / XXX–2–22–30(13)2017 दिनांक–08.04.2022 द्वारा वार्षिक स्थानान्तरण सत्र 2022–23 हेतु जारी दिशा निर्देशों एवं समय सारिणी के अनुपालन में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत वर्ष–2022–23 हेतु स्थानान्तरण की प्रक्रिया के अन्तर्गत कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों के सम्बन्धित कार्यालयों द्वारा **HRMS Portal** पर ऑनलाईन भरे गये डाटा यथा–सेवा विवरण के आधार पर समूह–'क', 'ख' एवं 'ग' के प्रत्येक संवर्ग के कार्मिकों के सुगम / दुर्गम क्षेत्र में स्थानान्तरण हेतु पात्र कार्मिकों की सूची तथा उपलब्ध एवं सम्भावित रिक्तियों की सूची लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में इस कार्यालय के ज्ञापसंख्या–670 / 34व्यक–स्थाना0–सा0 / 21 दिनांक–07.05.2022 द्वारा समितियों का गठन किया गया है, समितियों द्वारा प्रस्तुत पात्रता सूची एवं रिक्तियों का विवरण को वेबसाईड पर अपलोड करने हेतु इस कार्यालय के ज्ञापसंख्या–699 / 34व्यक–स्थाना0–सा0 / 22 दिनांक–11.05.2022 द्वारा अधोहस्ताक्षरी को नामित किया गया है। जिसके क्रम में पात्र कार्मिकों की सूची तथा उपलब्ध एवं सम्भावित रिक्तियों की सूची लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट पर अपलोड किये जाने के आदेश एतद्द्वारा पारित किये जाते है।

उपरोक्तानुसार प्रकाशित सूची में यदि किसी कार्मिक के सम्बन्ध में कोई त्रुटि पायी जाती है तो 03 दिन के भीतर **HRMS Portal** के माध्यम से विभागाध्यक्ष कार्यालय के संज्ञान में लाने का दायित्व सम्बन्धित कार्मिक एवं सम्बन्धित कार्यालाध्यक्ष का होगा।

ह0

(उपेन्द्र सिंह रावत)
वरिष्ठ स्टॉफ आफिसर (अधिष्ठान)

01. प्रतिलिपिः– प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।
02. प्रतिलिपिः– प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
03. प्रतिलिपिः– मुख्य अभियन्ता (अधिष्ठान), विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून के संज्ञानार्थ प्रेषित।
04. प्रतिलिपि निम्नलिखित को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित कार्यालयों द्वारा **HRMS Portal** पर की गई डाटा इन्ट्री के अनुसार पात्रता सूची तैयार की गयी है। यदि किसी कार्मिक के सम्बन्ध में कोई त्रुटि प्रतीत होती है, तो इसके समयान्तर्गत संशोधन हेतु सम्बन्धित कार्यालाध्यक्ष स्वयं जिम्मेदार होंगेः–

(i) समस्त मुख्य अभियन्ता, उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग।

(ii) समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग।

(iii) अधिशासी अभियन्ता (अधिष्ठान–प्रथम/तृतीय), विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।

(iv) समस्त अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग।

(v) अधिशासी अभियन्ता, (आई0टी0), विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषितहै कि लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत प्रत्येक संवर्ग के कार्मिकों के सुगम/दुर्गम क्षेत्र के कार्यस्थल स्थानान्तरण हेतु पात्र कार्मिकों तथा उपलब्ध एवं सम्भावित रिक्तियों की सूची दिनांक–15.05.2022 तक लोक निर्माण विभाग की वेबसाईट पर अपलोड कर व्यापक प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें (संलग्न सूची)।

(vi) मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।

(vii) प्रशासनिक/वरिठ/मुख्य प्रशासनिक अधिकारी–व्यवस्थापन–क/ख/ग/घ एवं कार्य प्रभारित वर्ग, विभागाध्यक्ष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपने–अपने वर्ग से सम्बन्धित सूची आई0टी0 वर्ग में सम्यक अपलोड कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

(viii) गार्ड पत्रावली हेतु।

13/5/2022

वरिष्ठ स्टॉफ आफिसर (अधिष्ठान)

13.05.22